**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**Academic Session 2024 – 25**
**Revision Worksheet (Term - II)**

**Class :- 3rd** **Date – Hindi**
**Prepared By :- Jyotsna Patil**

**मधुश्री पाठ - ८,९,१०,११,१२,१३,१४**
**व्याकरण – सर्वनाम ,विशेषण ,क्रिया , विराम चिह्न ,**
**पत्रलेखन, संवाद लेखन, कहानी लेखन , निबंध लेखन**

**खंड क**

प्रश्न१) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(5Q X 1M = 5M)**

अ) नीलू नाम की एक प्यारी बिल्ला थी। उसे गेंद से खेलना और दूध पीना बहुत अच्छा लगता था। एक दिन नीलू बगीचे में खेल रही थी। उसने एक चूजे को घास में फंसा हुआ देखा। नीलू ने अपनी छोटी-छोटी पंजों से चूजे को बाहर निकाला। चूजा डर रहा था, लेकिन नीलू ने उसे सुरक्षित उसके घोंसले तक पहुंचा दिया। नीलू की मदद देखकर चूजे की माँ ने चहचहाकर उसका धन्यवाद किया। नीलू खुश होकर वापस खेलने चली गई।

प्रश्न१. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए |

१. नीलू ने बगीचे में क्या देखा?

(a) एक खरगोश (b) एक चूजा (c) एक कुत्ता (d) एक गाय

२. नीलू ने चूजे की कैसे मदद की?

(a) उसे खाना दिया (b) उसे उसके घोंसले तक पहुँचाया (c) उसे खेल खिलाया (d) उसे दूध पिलाया

३. चूजा डर क्यों रहा था?

(a) वह भूखा था (b) वह घास में फंसा था (c) उसे उड़ना नहीं आता था (d) उसे पानी चाहिए

४. "नीलू खुश होकर वापस खेलने चली गई" का क्या मतलब है?

(a) नीलू ने मदद करके अच्छा महसूस किया। (b) नीलू थक गई थी।
(c) नीलू खेलना पसंद नहीं करती थी। (d) नीलू डर गई थी।

अगर आप नीलू की जगह होते, तो चूजे की मदद कैसे करते?

(a) उसे घोंसले तक ले जाते। (b) उसे वहीं छोड़ देते। (c) उसके साथ खेलते (d) उसकी अनदेखी करते।

ब) अपठित पद्यांश: **(5Q X 1M = 5M)**

सूरज निकला आसमान में,
दिन भर देता रोशनी।

चिड़िया उड़ती खेतों में,
लाती है खुशी।

तितली रंग-बिरंगी सी,
फूलों पर मंडराती है।
हरियाली का ये मौसम,
सबके मन को भाता है।

प्रश्न और विकल्प:

1.सूरज क्या देता है?
(a) पानी (b) रोशनी (c) चिड़िया (d) फूल

2. तितली कहां मंडराती है?
(a) आसमान में (b) फूलों पर (c) पत्तों पर (d) खेतों में

3. 'हरियाली' का क्या अर्थ है?
(a) हरे पेड़ और पौधे (b) सूरज की रोशनी (c) चिड़िया का गाना (d) तितली का रंग

4. यह पद्यांश किस मौसम के बारे में है?
(a) गर्मी (b) सर्दी (c) बारिश (d) हरियाली का

5. इस पद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?
(a) प्रकृति सुंदर और खुशी देती है (b) तितलियों को पकड़ना चाहिए
(c) चिड़ियों को भगाना चाहिए (d) सूरज से छिप जाना चाहिए

प्रश्न २)नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(3Q X 1M = 3M)**

1. नाम की जगह आनेवाले शब्दों को ---------- कहते है ।
अ) सर्वनाम ब) क्रिया क) विशेषण ड) संज्ञा

2. दिए गए वाक्य में से विशेषण का भेद पहचानो ।
१) मोहन के पास तीन किलो आटा है ।
अ) सार्वनामिक ब) संख्यावाचक क) परिमाणवाचक ड) गुणवाचक

3) परिमाण्वाचक विशेषण ----------- है।
अ) दो मीटर कपडा ब) बडा हाथी क) पुस्तक ड) मंदिर

प्रश्न३)नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(3Q X 1M = 3M)**

1. संज्ञा और सर्वनाम के बारे में अधिक जानकारी देनेवाले शब्द --------------- कहलाते है ।

अ) सर्वनाम ब) विशेषण क) संज्ञा ड) क्रिया

2. दिए गए वाक्यों में से क्रिया के भेद पहचनिए ।

१) नेहा अपने भाई के साथ स्कूल जा रही है ।

२) मैं भी खेल रहा हूँ ।

प्रश्न ४)नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(3Q X 1M = 3M)**

1. वाक्य पूर्ण होनेपर ----------- लगाते है।

अ) अल्पविराम ब) प्रश्नचिह्न क) विस्मयबोधक चिह्न ड) पूर्णविराम

2. प्रश्न पूँछे जानेपर ------------- का चिह्न लगाते है।

अ) पूर्णविराम ब) प्रश्नचिह्न क) विस्मयबोधक चिह्न ड) अल्पविराम

3. पढ़ते या लिखते समय वाक्य में रुकने के लिए लगाए गए चिह्नों को ---------- कहते है ।

अ) विस्मयबोधक चिह्न ब) प्रश्नचिह्न क) अल्पविराम ड) पूर्णविराम

प्रश्न ५) नीचे दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए । **(4Q X 1M = 4M)**

1.नमक - मिर्च लगाना –

2.दांत – कटी रोटी होना –

प्रश्न ६) नीचे दिए गए शब्दों के अंक लिखिए । **(2Q X 1M = 2M)**

1. बानवे - --------------- 2. पैंतीस - ------------------

प्रश्न ७) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(5Qx1M=5M)**

सुशील को अबतक यह पता नही था कि मार कैसी होती है ? इसकी पीड़ा क्या होती है ? और राजा के लिए दंड को समझना बहुत जरुरी है , क्योकि राजा मारने की आज्ञा तो देता है , परंतु वह उसका दर्द नहीं जानता । अगर वह दंड का मर्म जाने तो कभी किसी को पीड़ा न पहूंचाए । मुझे सुशील को यही समझाना था । कल सुशील राजा बनेगा तो किसी को दंड देने से पहले वह बार – बार विचार करेगा । चूँकि इसने अभीतक मार नहीं खाई थी, तो अब मुझे ‘ अंतिम ज्ञान’ पड़ा । सभी लोग गुरु के चरणो में झुककर धन्य – धन्य करने लगे ।

क) राजा के लिए क्या समझना जरुरी है ?

१) दूसरों को दंड देना २) दूसरों को पीड़ा पहूंचाना ३) केवल राज करना ४) दंड का दर्द समझना

ख) कल सुशील क्या बनेगा ?

१) पिता २) मंत्री ३) राजा ४) गुरू

ग) किसी को --------- देने से पहले वह सोचेगा ?

१) जमीन २) रुपया ३) ज्ञान ४) सज़ा

घ) ‘मार सहकर दर्द समझना’ क्या कहलाता है ?

१) दर्द का धर्म २) दंड का मर्म ३) राजा का दंड ४) अर्थ का दंड

ङ) इस पाठांश का संदेश क्या है ?

१) पीडा की समझ २) दयालु ३) सच्चा न्याय ४) सभी ठिक है

प्रश्न ८) निम्नलिखित् पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(5Qx1M=5M)**

पथिकों को जलती दुपहर में ,

पेड सदा देते है छाया ।

खुशबू भरेन फूल देते हैं ,

हमको नव फूलों की माला ,

त्यागी तरुओं के जीवन से ,

हम भी तो कूछ जीना सीखे ।

१) पेड किसे चाया देते है ?

अ) फूलों को ब) तरुओं को क) पथिकों को ड) हमको

२) फूल हमें क्या देते है ?

अ) जीवन ब) त्यागी तरु क) नव फुलों की माला ड) खुशबू

३) हमें किससे जीना सीखना चाहिए ?

अ) त्यागी तरुओं से ब) फूलों से क) किसी से नहीं ड) पक्षियों से

४) पेड के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया गया है ?

अ) पथिक ब) त्यागी क) तरू ड) खुशबू

५) तरु का पर्यायवाची शब्द बताइए ।

अ) फूल ब) पेड

प्रश्न ९) विलोम शब्दों से वाक्य पुर्ति कीजिए । **(4Q X 1M = 4M)**

क) मेरी माँ अनपढ है ,किंतु मेरे पिताजी -------------- है ।

१) सुखी २) अशिक्षित ३) अज्ञानी ४) पढे – लिखे

ख) सही और -------- के मध्य के अंतर को समझो ।

१) बरबर २) गलत ३) लंबे ४) मोटे

ग) कक्षा में कल अशांति थी , परंतु आज ---------------- है ।

१) प्रकाश २) उजाला ३) अंधकार ४) शांति

घ) धरती का विलोम ---------------- है ।

१) जंगल २) गड्ढा ३) आकाश ४) पृथ्वी

## खंड ख

प्रश्न १०) नीचे दिए गए किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर एक–दो पंक्तियोंमे में लिखिए। **(3Q×1M=3M)**

१) उर की कली कौन खिलाता है ?

२) भूख ने क्या खाया ?

३) लेखक ने प्रकृति के अक्षर किसे कहा है ?

४) तरु त्यागी कैसे हो सकते है ?

५) शत्रुघ्न ने सैनिक से क्या कहा ?

प्रश्न ११) नीचे दिए गए किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में लिखिए। **(4QX2M=8M)**

१) सुशील किस तरह का बालक था ?

२) सैनिक ने घोडे के संबंध में लव से क्या कहा ?

३) बच्चे देश में किस प्रकार उजाला ला सकते है ?

४) खेल्कूद के लाभ बताते हुए पापा ने क्या कहा ?

५) फूलो में कौनसे गुण होते है? कवि उन गुणों को लेकर क्या करना चाहता है ?

प्रश्न १२) नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन कीजिए। **(5M)**

१) मेरी अभिलाषा

अथवा

२)'आदर्श नेता कैसा होता है' इस विषय पर संवाद लेखन कीजिए |

३)नीचे दिए गए विषय पर पत्रलेखन कीजिए। **(5M)**

१) पर्यटन स्थल जाने के लिए अपने पिताजी से अनुमति माँगने के लिए पत्र लिखिए ।

अथवा

२)नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर कहानी लेखन कीजिए और उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए।

एक बार एक कौआबहुत प्यासा था – पानी की तलाश में भटकना – एक घड़े का मिलना – घड़े में थोडा सा पानी ह्िना – कौए की चोंच पानी तक न पहुँचना –पत्थारों को उठाकर पानी में डालना – जल्द ही पानी का ऊपर आना – कौए का चोंच से पानी पीना – कौए का पानी पीकर प्यास बुझाना |

Teacher’s Sign Co – Ordinator’s Sign principal’s Sign

********************************************************************************